पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद कुशीनगर में कुशीनगर, रामकोला तथा हाटा विधान सभा क्षेत्रों की 525 करोड़ रु0 से अधिक लागत की 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**डबल इंजन सरकार कुशीनगर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में विकास कार्यों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही, जरुरतमन्दों को बिना–भेदभाव शासन की योजनाओं से लाभान्वित कर रही : मुख्यमंत्री**

**प्रदेश सरकार द्वारा किये गये प्रयासों से आज कुशीनगर सहित सम्पूर्ण पूर्वी उ0प्र0 इन्सेफेलाइटिस बीमारी से मुक्त**

**डबल इंजन सरकार ने बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया, प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सुरक्षित भारत में उनके लिए असीम सम्भावनाएं**

**कुशीनगर में मुसहर जाति के लोगों को जमीन का पट्टा, आवास, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क राशन, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली आदि की सुविधा प्राप्त**

**रामकोला से कसिया मार्ग का प्रस्ताव कुशीनगर के जनप्रतिनिधियों से मांगा गया, इस सड़क को इसी सत्र में बनाये जाने की तैयारी**

**कुशीनगर में इण्टरनेशनल एयरपोर्ट स्थापित, नए एयरक्राफ्ट्स के माध्यम से यहां के लोगों को बेहतरीन वायु सेवा प्रदान की जाएगी, कुशीनगर एयरपोर्ट को जेवर तथा गया एयरपोर्ट से जोड़ने की तैयारी**

**कुशीनगर में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी प्रारम्भ होने वाली, नये सत्र में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए कहा गया**

**प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सरकारी नौकरियों में कुशीनगर के युवा बड़ी संख्या में सहभागी**

**अब निवेश नोएडा और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों के साथ–साथ कुशीनगर व गोरखपुर जैसे शहरों में भी होता**

**कुशीनगर में टूरिज्म के क्षेत्र में व्यापक सम्भावनाएं, प्रदेश सरकार इन सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने का काम करेगी**

**प्रदेश सरकार द्वारा खड्डा विधान सभा क्षेत्र में नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर दीर्घ सेतु एवं पहुंच मार्ग की स्वीकृति प्रदान की गयी, इसके माध्यम से जनपद कुशीनगर तथा महराजगंज के दर्जनों गांव सहित बिहार राज्य के गांव आपस में जुड़ेंगे**

**लखनऊ : 11 जुलाई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि रामायणकालीन कुशीनगर जनपद भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में प्रसिद्ध है। अत्यन्त उर्वरा भूमि तथा पर्याप्त जल संसाधन से परिपूर्ण यह जनपद अनेक सम्भावनाओं से युक्त है। डबल इंजन सरकार कुशीनगर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में विकास

कार्यों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। जरुरतमन्दों को बिना–भेदभाव शासन की योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। सम्भावनाएं पहले भी थीं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं ईमानदारी का अभाव था। सब कुछ होने के बावजूद कुशीनगर पिछड़ेपन, पलायन तथा बीमारी आदि का केन्द्र बनकर रह गया था।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद कुशीनगर में कुशीनगर, रामकोला तथा हाटा विधान सभा क्षेत्रों की 525 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, चाभी, प्रमाण पत्र तथा स्वीकृति पत्र आदि प्रदान किये। आजीवन मानवतावादी विचारधारा के लिए समर्पित दो वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन, पौधरोपण, महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां कुछ बच्चों के अन्नप्राशन का अवसर प्राप्त हुआ। अन्नप्राशन के बाद बच्चों के चेहरे पर नई खुशी, विश्वास और उत्साह दिख रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो बच्चों को पता है कि डबल इंजन सरकार ने उनके भविष्य को सुरक्षित कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित भारत में उनके लिए असीम सम्भावनाएं हैं। वह आगे चलकर देश के लिए अपना योगदान देंगे। यदि हमारा बचपन सुरक्षित होगा, तो देश का भविष्य भी सुरक्षित होगा।

पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस सीजन में इन्सेफेलाइटिस बीमारी से हजारों मासूम कालकवलित हो जाते थे। इस बीमारी से कुशीनगर के बच्चे सर्वाधिक पीड़ित थे। उन्हें बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए जाना पड़ता था। कुशीनगर में चिकित्सा की कोई सुविधा नहीं थी। प्रदेश सरकार द्वारा किये गये प्रयासों से आज कुशीनगर सहित सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश इन्सेफेलाइटिस बीमारी से मुक्त हो चुका है। हमने प्रदेश के मासूम बच्चों का भविष्य उज्ज्वल व सुरक्षित बनाया है। कुशीनगर जनपद में पहले मेडिकल कॉलेज के बारे में कोई नहीं सोचता था। आज यहां मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। इसमें बच्चे प्रवेश ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुशीनगर में मुसहर जाति के लोगों को जमीन का पट्टा, आवास, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क राशन, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली आदि की सुविधा प्राप्त हो रही है। कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज संचालित है। अच्छी सड़कें बन चुकी हैं। रामकोला से कसिया मार्ग का प्रस्ताव यहां के जनप्रतिनिधियों से मांगा गया है। इस सड़क को इसी सत्र में बनाये जाने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुशीनगर में इण्टरनेशनल एयरपोर्ट स्थापित हो चुका है। नए एयरक्राफ्ट्स के माध्यम से कुशीनगर के लोगों को बेहतरीन वायु सेवा प्रदान की जाएगी। कुशीनगर एयरपोर्ट को जेवर तथा गया एयरपोर्ट से जोड़ने की तैयारी चल रही

है। यहां एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी प्रारम्भ होने वाली है। नये सत्र में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए कहा गया है। कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बन रहा है। अपनी खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए यहां के युवाओं को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सरकारी नौकरियों में कुशीनगर के युवा भी बड़ी संख्या में सहभागी बनते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब निवेश नोएडा और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों के साथ–साथ कुशीनगर तथा गोरखपुर जैसे शहरों में भी होता है। वर्ष 2017 से पूर्व तत्कालीन सरकार की न नीयत थी और न कोई नीति थी। सरकारें पॉलिसी पैरालिसिस की शिकार थीं। प्रदेश में निवेश का अभाव था। विकास कार्य ठप पड़े थे। पहले पर्व व त्योहारों पर उपद्रव होते थे। डबल इंजन सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के अन्तर्गत कार्य करते हुए राज्य की कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया है। प्रत्येक व्यक्ति को उसकी उपासना विधि में पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। आज हिन्दू, मुस्लिम, सिख तथा इसाई धर्म के लोग अपने पर्व और त्यौहार शान्तिपूर्ण तरीके से मना रहे हैं। विगत 09 वर्षों में प्रदेश में कोई उपद्रव तथा दंगा नहीं हुआ है। बेटी व व्यापारी सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार मिल रहा है। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। प्रत्येक गांव को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सही लोगों के चुनने के अच्छे परिणाम आते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से आज कुशीनगर नए कुशीनगर के रूप में दिखायी दे रहा है। कुशीनगर के लोग धार्मिक कार्यक्रमों में रुचि लेते हैं। विकास कार्यों से जुड़ते हैं। अनावश्यक रूप से कहीं कोई व्यवधान नहीं डालते। विकास का समर्थन करते हैं। कुशीनगर में प्रत्येक ओर विकास कार्य चल रहे हैं। जरुरतमन्दों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्हें उपज का बेहतर दाम प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रदेश में मन्दिरों का पुनरुद्धार तथा सुन्दरीकरण हो रहा है। यहां पर टूरिज्म के क्षेत्र में व्यापक सम्भावनाएं हैं। प्रदेश सरकार इन सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने का काम करेगी। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में खड्डा विधान सभा क्षेत्र में नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर दीर्घ सेतु एवं पहुंच मार्ग की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके माध्यम से जनपद कुशीनगर तथा महराजगंज के दर्जनों गांव सहित बिहार राज्य के गांव आपस में जुड़ेंगे। लगभग 05 लाख ग्रामीणों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे लिए अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की सुरक्षा व सुविधा का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। उनको सक्षम बनाना हमारा नैतिक दायित्व है। आज यहां टेकुआटार में एक विद्यालय के निरीक्षण का अवसर प्राप्त हुआ। इस विद्यालय को और अधिक अच्छा बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों तथा अनुदेशकों

का मानदेय बढ़ाया गया है। बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों, शिक्षामित्रों अनुदेशकों तथा रसोइया आदि को 05 लाख रुपये वार्षिक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गयी है। सोशल सिक्योरिटी की गारण्टी भी दी गयी है। यदि किसी शिक्षक के साथ कोई घटना या दुर्घटना हो जाती है। वह किसी आपदा की चपेट में आ जाता है। तो शिक्षक के परिवार को 80 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये की सहायता मिलेगी यदि शिक्षा मित्रों या अनुदेशकों के साथ दुर्भाग्य से कोई घटना घटित हो जाती है, तो उनके परिवार को 30 लाख रुपये से 80 लाख रुपये देने की गारण्टी डबल इंजन सरकार दे रही है। यदि रसोइया किसी दुर्घटना का शिकार हो गया, तो उसके लिए 02 लाख रुपये के सुरक्षा बीमा कवर की व्यवस्था की गयी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज यहां 525 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। इनमें कुशीनगर, हाटा और रामकोला विधानसभाओं की परियोजनाएं सम्मिलित हैं। लोकार्पित परियोजनाओं में सड़कें, बाईपास का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पर्यटन विकास आदि कार्य शामिल हैं। यहां कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है। जिनमें रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट हिरण्यवती नदी पर पर्यटक सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्यीकरण, केला टिश्यू कल्चर लैब का निर्माण, छोटी गण्डक नदी के सिकरिया–बंटोलवा घाट पर सेतु, पहुंच मार्ग आदि कार्य सम्मिलित हैं।

कुशीनगर के प्रभारी मंत्री तथा कारागार मंत्री श्री दारा सिंह चौहान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन में विगत 09 वर्षों में प्रदेश तथा कुशीनगर की अभूतपूर्व प्रगति हुयी है। मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली देश–विदेश के जनप्रतिनिधियों के लिए मिसाल बनी है। प्रदेश सरकार द्वारा किये गये प्रयासों से इस क्षेत्र से इन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारी समाप्त हो सकी है।

इस अवसर पर सांसद श्री आर0पी0एन0 सिंह, श्री रवि किशन शुक्ल, श्री विजय दुबे, विधान परिषद सदस्य डॉ0 रतन पाल सिंह, विधायक श्री पी0एन0 पाठक, श्री मोहन वर्मा, श्री विनय प्रकाश गोंड, श्री विवेकानन्द पाण्डेय, श्री मनीष जायसवाल, डॉ0 असीम कुमार राय, श्री सुरेन्द्र कुशवाह, उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री जसवन्त सिंह 'अतुल सिंह' सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

––––––––

***PN-CM-Kushinagar Visit-Lokarpan & Shilanyas-11 July, 2026***